इस प्रश्न–पत्र में **54 प्रश्न** तथा **8 मुद्रित पृष्ठ** हैं।

**अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | | |

**कोड नं. 71/S/214**

**सेट A1**

# अर्थशास्त्र
# (214-H)

**परीक्षा का दिन व दिनांक** ______________________

**निरीक्षकों के हस्ताक्षर** **1.** ______________________

**2.** ______________________

*सामान्य अनुदेश :*

**1.** परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2.** कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3.** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) या (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में उस सही उत्तर को लिखना है।

**4.** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।

**5.** उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

**6.** परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल में कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लुटूथ, इयरफोन जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है।

**7.** प्रश्न–पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में अंग्रेजी अनुवाद ही मान्य होगा।

**8.** अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र का कोड संख्या **71/S/214, सेट A1** लिखें।

**9.** (क) प्रश्नपत्र केवल अंग्रेजी/हिंदी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी **एक** भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

**सामान्य अनुदेश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 02.15 बजे किया जाएगा। 02.15 बजे से 02.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# अर्थशास्त्र
# (214-H)

समय : **3** घण्टे] [पूर्णांक : **100**

**निर्देश :** (i) इस प्रश्नपत्र में कुल **54** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं।

(iv) **खण्ड – अ** के प्रश्न इस प्रकार हैं :

(a) प्रश्न-संख्या **1** से **20** – बहुविकल्पी प्रकार (MCQs) के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। इन प्रश्नों में प्रत्येक प्रश्न में दिये गये चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनिये और लिखिए।

(b) प्रश्न-संख्या **21** से **35** तक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है (प्रत्येक **1** अंक के **2** उप-भागों के साथ)। इन प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न में दिये गये निर्देशों के अनुसार दीजिए।

(v) **खण्ड – ब** के प्रश्न इस प्रकार हैं :

(a) प्रश्न-संख्या **36** से **46** – अति लघु-उत्तर प्रकार के, प्रत्येक **2** अंकों के प्रश्न हैं, जिनका उत्तर **30** से **50** शब्दों में दिया जाना है।

(b) प्रश्न-संख्या **47** से **52** – लघु-उत्तर प्रकार के, प्रत्येक **3** अंकों के प्रश्न हैं, जिनका उत्तर **50** से **80** शब्दों में दिया जाना है।

(c) प्रश्न-संख्या **53** तथा **54** – दीर्घ-उत्तर प्रकार के, प्रत्येक **5** अंकों के प्रश्न हैं, जिनका उत्तर **80** से **120** शब्दों में दिया जाना है।

## खण्ड – अ

1 निम्नलिखित कथनों में कौन–सा सत्य है? **1**

(A) सेवाएं स्वभाव से दृश्य नहीं होती हैं

(B) सेवाओं का संग्रह नहीं किया जा सकता है

(C) सेवाओं का स्थानान्तरण संभव नहीं है

(D) उपरोक्त सभी

2 कोई वस्तु जिसकी कीमत होती है और जिसे हम बाजार से खरीद सकते हैं : **1**

(A) आर्थिक वस्तु (B) निःशुल्क वस्तु

(C) उपभोक्ता वस्तु (D) निजी वस्तु

3 निम्नलिखित कथनों में कौन–सा सही है? **1**

(A) निःशुल्क वस्तुओं की आपूर्ति अधिक होती है।

(B) सार्वजनिक वस्तुओं पर सामूहिक स्वामित्व होता है।

(C) दीर्घोपयोगी वस्तुओं का प्रयोग बार–बार होता है।

(D) उपरोक्त सभी।

4 निम्नलिखित में भूमि की विशेषता कौन–सी नहीं है? **1**

(A) अस्थिर (B) प्रकृति का उपहार

(C) मात्रा में सीमित (D) अविनाशी

5 गृहस्वामी द्वारा साइकिल की खरीद को यह समझा जाता है: **1**

(A) पूँजी निर्माण (B) गृहस्वामी द्वारा उत्पादन

(C) उपभोग (D) स्व–उपभोग के लिए उत्पादन

6 यदि 5 मजदूर 95 इकाईयों का उत्पादन करें तो औसत उत्पाद क्या होगा। **1**

(A) 15 (B) 19

(C) 18 (D) 17

7 किसी वस्तु की आपूर्ति इनके द्वारा प्रभावित होती है: **1**

(A) विक्रेताओं की संख्या (B) फर्मो की संख्या

(C) भावी कीमत की संभावना (D) उपरोक्त सभी

8 वस्तु की मांग इनसे प्रभावित होती है: **1**

(A) उपभोक्ता की रूचि तथा वरीयता (B) क्रेताओं की संख्या

(C) उत्पादक की आय (D) उपरोक्त में कोई नहीं

**9** इनमें कौन चिन्ह्न नहीं मिलता? **1**

(A) Dollar \$ (B) Euro €

(C) Pound £ (D) Yen ¥

**10** जो व्यक्ति आँकड़ों का संकलन करता हैं, कहलाता है: **1**

(A) अनुसंधान कर्ता (B) अधिकारी

(C) निरीक्षक (D) इनमें कोई नहीं

**11** जब आँकड़ों का वर्गीकरण समय या मात्रा के रूप में किया जाता है उसे यह कहते हैं: **1**

(A) गुण (B) चर

(C) प्राथमिक आंकड़े (D) द्वितीयक आंकड़े

**12** आँकड़ों का केन्द्रीय स्थापन या मूल्य की ओर होने की प्रवृत्ति यह कहलाती है: **1**

(A) चर (B) गुण

(C) केन्द्रीय प्रवृत्ति (D) औसत प्रवृत्ति

**13** 4, 6, 3, 7, 8, 2, 5 के समान्तर माध्य की गणना कीजिए: **1**

(A) 10 (B) 5

(C) 15 (D) 20

**14** निम्नलिखित में प्राथमिक क्षेत्रक का भाग कौन–सा है? **1**

(A) मत्स्य पालन (B) बिजली

(C) बैंकिंग (D) पैकिंग

**15** लघु उद्योग की स्थापना मशीनरी तथा प्लांट पर निम्नलिखित राशि खर्च करने पर की जा सकती है: **1**

(A) ₹ 15 लाख (B) ₹ 30 लाख

(C) ₹ 25 लाख (D) ₹ 50 लाख

**16** विश्व की 500 सबसे बड़ी कम्पनियों में अमेरिका में निम्नलिखित हैं: **1**

(A) 149 (B) 159

(C) 129 (D) 139

**17** विश्व के विभिन्न देश एक दूसरे के पास आते हुए प्रतीत होते है। यह प्रक्रिया इस नाम से जानी जाती है। **1**

(A) वैश्वीकरण (B) निजीकरण

(C) मुक्त अर्थव्यवस्था (D) उपरोक्त में कोई नहीं

**18** कोई व्यर्थ पदार्थ अथवा वस्तु जो प्राकृतिक संसाधनों में अवांछनीय परिवर्तन लाता है, कहलाता है: **1**

(A) वायु प्रदूषण (B) प्रदूषक

(C) प्रदूषण (D) जल प्रदूषण

**19** जो कर उत्पादन पर मूल्य वृद्धि तथा अन्तिम विक्री पर लगाया जाता है, कहलाता है: **1**

(A) वैट (VAT) (B) जी एस टी (GST)

(C) सीमा शुल्क (D) आय कर

**20** उपभोक्ता के हितों की रक्षा करने वाला सबसे महत्त्वपूर्ण अधिनियम यह है: **1**

(A) एस.सी.पी.सी. (B) एन.सी.डी.आर.सी.

(C) सी.पी.ए. (D) एन.जी.ओ.

**21** रिक्त स्थान भरिए : **2**

(A) बीज ________ वस्तु का उदाहरण हैं।

(B) ट्रैक्टर ________ वस्तु के उदाहरण हैं।

**22** निम्नलिखित कथनों में कौन–सा सही या गलत हैं? **2**

(i) सरकार द्वारा निर्मित सड़कें उत्पादन कहलाती हैं।

(ii) एक किसान द्वारा खरीदा गया ट्रैक्टर उत्पादन का भाग है।

**23** रिक्त स्थान भरिए : **2**

सेवा के सन्दर्भ में ________ और ________ साथ–साथ होते हैं।

**24** निम्नलिखित कथनों में कौन–सा सही या गलत है? **2**

(i) विदेशी उत्पादन इकाईयों में विदेशियों का योगदान कुल पूँजी का 50% से अधिक होना चाहिए।

(ii) ऐसी उत्पादन इकाईयाँ जिनका स्वामित्व दो या अधिक व्यक्तियों के पास होता है, साझेदारी कहलाती हैं।

**25** रिक्त स्थान भरिए : **2**

________ को उत्पादक द्वारा वस्तुओं के उत्पादन के लिए उत्पादन के ________ की खरीद के लिए मुद्रा–व्यय के रूप में परिभाषित किया जाता है।

**26** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए : **2**

| | अ | ब |
|---|---|---|
| (i) | चाय और कॉफी | स्थानापन्न वस्तुएं |
| (ii) | पेन और स्याही | पूरक वस्तुएँ |

**27** रिक्त स्थान भरिए : **2**

अन्य सभी कारकों के स्थिर रहने पर वस्तु की ________ तथा इसकी आपूर्ति की मात्रा में ________ सम्बन्ध होता है।

**28** रिक्त स्थान भरिए : **2**

मुद्रा का विनिमय कागज़ी करेंसी, ________ तथा ________ के रूप में किया जाता है।

**29** निम्नलिखित कथनों में कौन–सही/गलत है ? **2**

(i) भारतीय रिज़र्व बैंक साख का सृजन करता है।

(ii ) भारतीय रिज़र्व बैंक का मुख्य कार्यालय बंगलौर में है।

**30** रिक्त स्थान भरिए : **2**

(i) जो व्यक्ति आँकड़ों का संकलन करता है, ________ कहलाता है।

(ii ) जो व्यक्ति आँकड़े देता है, ________ कहलाता है।

**31** रिक्त स्थान भरिए : **2**

समान्तर माध्य को मदों के ________ को मदों की ________ से भाग देकर प्राप्त किया जाता है।

**32** रिक्त स्थान भरिए : **2**

दिल्ली, ________ मुम्बई तथा ________ मैट्रो शहर कहे जाते हैं।

**33** रिक्त स्थान भरिए : **2**

________ और ________ वस्तुओं और सेवाओं के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार हैं।

**34** निम्नलिखित कथनों में कौन–सा सही/गलत है ? **2**

(i) सजीव तत्त्वों को अजैव घटक कहा जाता है।

(ii) निर्जीव वस्तुएं को अजैव घटक कहा जाता है।

**35** निम्नलिखित कथनों में कौन–सा सही/गलत है ? **2**

(i) आई एस आई – यह अच्छे उत्पाद की गुणवत्ता की जाँच करती है।

(ii) एगमार्क – यहाँ उपभोक्ता वस्तुओं की गुणवत्ता की जाँच होती है।

## खण्ड – ब

36 (i) हरित उपभोक्ता को समझाइए। **2**

**अथवा**

(ii) पर्यावरण में दो विभिन्न प्रकार के – निम्नीकरण क्या हैं?

37 भारत के आयातों को समझाइए। **2**

38 प्राथमिक क्षेत्रक में सम्मिलित घटकों के नाम लिखिए। **2**

39 केन्द्रीय प्रवृत्ति की अवधारणा को समझाइए। **2**

40 प्राथमिक आँकड़ों तथा द्वितीयक आँकड़ों में भेद कीजिए। **2**

41 (i) बैंक द्वारा साख सृजन को समझाइए। **2**

**अथवा**

(ii) मुद्रा, क्रय शक्ति का संचय का कार्य कैसे करती है?

42 आपूर्ति का नियम समझाइए। **2**

43 सामान्य वस्तुओं तथा निकृष्ट वस्तुओं में भेद कीजिए। **2**

44 (i) साधन आय क्या होती है? उनके क्या नाम हैं? **2**

**अथवा**

(ii ) उत्पादन प्रक्रिया को परिभाषित कीजिए।

45 (i) श्रम विभाजन का क्या अर्थ है? **2**

**अथवा**

(ii) कार्यशील पूँजी की अवधारणा को समझाइए।

**46** (i) उपभोक्ता वस्तुओं तथा उत्पादक वस्तुओं को समझाइए। **2**

**अथवा**

(ii) निःशुल्क सेवा तथा आर्थिक सेवा को समझाइए।

**47** (i) विदेशी उत्पादन इकाईयों का वर्गीकरण समझाइए। **3**

**अथवा**

(ii) सहकारी समिति को समझाइए।

**48** (i) मुद्रा को परिभाषित कीजिए और इसके दो कार्यों को समझाइए। **3**

**अथवा**

(ii) भारत में व्यावसायिक बैंकों को समझाइए।

**49** (i) आँकड़ों की खंडित (असतत) शृंखला को समझाइए। **3**

**अथवा**

(ii ) निम्नलिखित आंकड़ों से समान्तर माध्य की गणना कीजिएः

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| $x$ | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| $f$ | 1 | 13 | 20 | 40 | 40 |

**50** तृतीयक क्षेत्रक की भूमिका को समझाइए। **3**

**51** वायु प्रदूषण के स्त्रोत क्या हैं? **3**

**52** प्राकृतिक आवास के निम्नीकरण के क्या कारण हैं? **3**

**53** (i) यू. एस. ए. की अर्थव्यवस्था का संक्षिप्त विवरण दीजिए। **5**

**अथवा**

(ii ) चीन की अर्थव्यवस्था का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

**54** माँग के नियम को उदाहरण देकर समझाइए। **5**

**अथवा**

बाजार आपूर्ति को उदाहरण देकर समझाइए।

---